# प्रेस नोट- थाना निगोही

## जनपद- शाहजहाँपुर

**<u>सराहनीय कार्य दिनांक - 13.10.2025</u>**

**"थाना निगोही पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर 01 अवैध देशी तमंचा 315 बोर व 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर सहित एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया"**

श्रीमान पुलिस अधीक्षक, महोदय शाहजहाँपुर के निर्देशानुसार, श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक नगर, महोदय के निर्देशन में व श्रीमान क्षेत्राधिकारी सदर के पर्यवेक्षण में चलाये जा रहे अपराध रोकधाम व गिरफ्तारी वाँछित अभियुक्त के क्रम में थाना निगोही पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर **<u>पर 01 अवैध देशी तमंचा 315 बोर व 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर</u>** सहित एक अभियुक्त को किया गिरफ्तारः-

**<u>संक्षिप्त विवरणः-</u>**

आज दिनांक 13.10.2025 को थाना निगोही पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि एक व्यक्ति ग्राम इनायतपुर की ओर से पुवायाँ रोड की तरफ अवैध असलहे के साथ आ रहा है जल्दी की जाये तो पकडा जा सकता है। मुखबिर की सूचना पर मुखविर द्वारा बताये गये व्यक्ति को पुवायां रोड ग्राम इनायतपुर पुलिया से नहर कोठी की ओर कच्चे रास्ते की तरफ करीब 20 कदम की दूरी पर पकड़ लिया। पकडे गये व्यक्ति से नाम पता पूछते हुए जामा तलाशी ली गई तो उसने अपना नाम **<u>पृथ्वीराज पुत्र रावेन्द्र सिंह उम्र करीब 27 वर्ष निवासी ग्राम पिपरिया बसखेडा थाना निगोही जनपद शाहजहाँपुर</u>** बताया तथा जामा तलाशी से एक अदद तमंचा 315 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ। अभियुक्त को उसके जुर्म धारा से अवगत कराते हुए समय 13.25 बजे हिरासत पुलिस मे लिया गया । अभियुक्त के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है ।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्तः-</u>**

पृथ्वीराज पुत्र रावेन्द्र सिंह उम्र करीब 27 वर्ष निवासी ग्राम पिपरिया बसखेडा थाना निगोही जनपद शाहजहाँपुर ।

**<u>पंजीकृत अभियोग का विवरणः-</u>**

मु0अ0सं0 472/25 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना निगोही शाहजहाँपुर

**<u>बरामदगी का विवरणः-</u>**

एक देशी अवैध तमंचा 315 बोर व एक जिन्दा कारतूस 315 बोर

**गिरफ्तारी का दिनांक/समय व स्थानः-**

दिनांक- 13.10.25 , समय 13.25 बजे, स्थान- ग्राम इनायतपुर पुलिया से नहर कोठी की ओर कच्चे रास्ते की तरफ करीब 20 कदम की दूरी पर ।

**<u>गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम</u> :-**

1.उ0नि0 श्री यशपाल सिंह
2.हे0का0 537 सरोज यादव
3.का0 2324 मोहित भाटी
4.का0 1958 शुभम छोकर